कार्यालयः- जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर

क्रमांक- स्था०/2026/228 दिनांक- 16/11/2026

-: आदेश :-

मैं, **संजीव मागो, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित-2023 की धारा 448 (दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 408) **में प्रदत्त शक्तियों** के तहत इस न्यायालय के विविध फौजदारी प्रकरण संख्या 1050/2026 उनवानी भंवर सिंह बनाम राजस्थान सरकार व अन्य में पारित आदेश दिनांकित 16.11.2026 की क्रियान्विति में न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर में लंबित निगरानी संख्या 37/2026 (एफ.आई.आर. संख्या 183/2019 पुलिस थाना सैपऊ) भंवर सिंह व अन्य बनाम सरकार की पत्रावली को न्यायालय विशिष्ठ न्यायाधीश, डकैती प्रभावित क्षेत्र, धौलपुर में एफ.आई.आर. संख्या 183/2019 पुलिस थाना सैपऊ से ही संबंधित पूर्व से लंबित निगरानी संख्या 23/2023 उनवान मंजू देवी बनाम सरकार के साथ विधिवत् सुनवाई एवं निस्तारण हेतु अन्तरित करता हूँ।

प्रकरण की पत्रावली को सी.आई.एस. में आवश्यक इंद्राजात कर पक्षकारान् को सूचित करते हुए अन्तरिती न्यायालय में भिजवाया जावे।

(संजीव मागो)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश
धौलपुर

क्रमांक-स्था०/2026/3845-3849 दिनांक- 16/11/2026

प्रतिलिपि निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ निम्न को प्रेषित है:-

1. श्रीमान् विशिष्ठ न्यायाधीश, डकैती प्रभावित क्षेत्र, धौलपुर
2. श्रीमान् अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, धौलपुर
3. रीडर/सेशन लिपिक, जिला न्यायालय, धौलपुर
4. कम्प्यूटर लिपिक, जिला न्यायालय, धौलपुर को वेबसाईट पर अपलोड हेतु
5. आदेश/संबंधित पत्रावली

16-11-26

वरिष्ठ मुंसरिम
जिला न्यायालय, धौलपुर